कार्यालय– भंडार क्रय अधिकारी
उ0 प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय
एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा–281001

टेण्डर संख्याः 35 /भं0क्र0अ0/2021–22 दिनांकः 17–09–2021

निविदा सूचना

प्रभारी अधिकारी विकृति विज्ञान विभाग पशुचिकित्सा संकाय, दुवासू, मथुरा द्वारा मृत पशुओं के शव निस्तारण हेतु इच्छुक फर्मों से ऑफ लाईन मुहरबन्द निविदायें दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय विड) अलग–अलग आमंत्रित की जाती है । निविदा की अन्तिम दिनांक 08–10–2021 समय 12:00 तक है, जो उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे निविदादाताओं तथा समिति के समक्ष खोली जायेगी । मृत पशुओं के शव निस्तारण हेतु संबन्धी निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत विवरण व शर्तें किसी भी कार्य दिवस मे भण्डार क्रय कार्यालय से दिनांक 18–9–2021 से रू0 1180/–मात्र (18% जी0एस0टी0 सहित) वित्त अधिकारी, वैटरिनरी विश्वविद्यालय, मथुरा के नाम से डिमांड ड्राफ्ट के रूप मे जमा करके प्राप्त किया जा सकता है अथवा बेवसाईट www.upvetuniv.edu.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है ।

S D

भण्डार क्रय अधिकारी

कार्यालयः–भण्डार क्रय अधिकारी
उ0 प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय
एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा–281001

टेण्डर फार्म–टैक्नीकल विड की शर्ते एवं पात्रता

मृत पशुओं के शव निस्तारण हेतु निविदा

1– निविदादाता का नाम ....

2– पता ....

3– फोन नं0..

4– आधार कार्ड नं एवं प्रतिलिपि...

5– आयकर पैन नं एवं प्रतिलिपि..

6– टेण्डर जमा करने की अन्तिम दिनांक **08-10-2021 अपरान्ह 12:00 बजे तक**

मृत पशुओं के शव निस्तारण की शर्ते :–

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180/– (रू0 एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट, वित्त अधिकारी, वैटरिनरी विश्वविद्यालय मथुरा। ।
2. निविदाकर्ता को रू0 5000/– की धरोहर राशि एफ0डी0आर0, वित्त अधिकारी, वैटरिनरी विश्वविद्यालय मथुरा के नाम के रूप में जमा कराना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को समस्त प्रकार के मृत पशुओं को विश्वविद्यालय द्वारा निर्देशित करने पर शीघ्र उठाना होगा तथा वह किसी प्रकार के चयन का हकदार नहीं होगा।
4. गौवंशज (गाय, बैल सॉड, बछड़ा आदि) की खाल उतारना वर्जित होगा, उनके शव परिक्षण उपरान्त निस्तारित करना अनिवार्य होगा।
5. जिस निविदाकर्ता की वित्तीय विड में धनराशि अधिक पायी जायेगी निविदा उसी के नाम होगी तथा निविदा की वित्तीय विड में प्राप्त दरों की आधी धनराशि उसी समय जमा करानी होगी। बाकी धनराशि दो कार्य दिवस के अन्दर जमा करनी होगी, यदि नियत समय में निविदाकर्ता द्वारा बकाया धनराशि जमा नहीं कराई जाती है इस अवस्था में प्राप्त धनराशि को जब्त करते हुए द्वितीय अधिकतम पायी गयी फर्म/निविदाकर्ता के नाम निविदा कर दी जायेगी।
6. जिस निविदाकर्ता के नाम निविदा होगी वह अपने साथ प्रमाण पत्र तथा रू0 10/– का शपथ पत्र जमा करना होगा।
7. विश्वविद्यालय परिसर में बाहरी पशओं की मृत्यू हो जाने पर उनके शवों का निस्तारण करना अनिवार्य होगा।
8. सन्तोषजनक कार्य ना होने पर निविदा बिना कारण बताये निरस्त कर दी जायेगी।
9. निविदाकर्ता को बिना कारण बताये निविदा करने का अधिकार विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी महोदय में निहित होगा।
10. निविदाकर्ता की अन्य वाह्य व्यक्ति से वाद–विवाद की स्थिति में विश्वविद्यालय प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
11. यह निविदा सक्षम अधिकारी महोदय की अनुमति उपरान्त 12 माह की होगी, कार्य सन्तोषजनक पाये जाने की स्थिति मे आगामी दो वर्षो तक प्रतिवर्ष के आधार पर बढायी जा सकती है।
12. निविदाकर्ता द्वारा मृत पशओं को उठवाने हेतु विश्वविद्यालय से कोई वाहन आदि की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी, साथ ही ना कोई अतिरिक्त किराया भाड़ा देय होगा।

प्रमाणित करता हूँ कि मैने उपरोक्त सूचना पूर्णतः सही–सही भरी है एवं नियम शर्तो व प्रतिबन्ध मुझे मान्य है।

हस्ताक्षर..

नाम..

मो0 नं0..

ई–मेल..

कार्यालयः–भण्डार क्रय अधिकारी

उ0 प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय
एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा–281001

टेण्डर फार्म–वित्तीय विड

सेवा में,

भण्डार क्रय अधिकारी,
दुवासु, मथुरा।

1. कार्यस्थल :– पैथोलॉजी विभाग टीवीसीसी एवं डेयरी फार्म दुवासु, मथुरा।
2. कार्य का विवरण :– मृत पशुओं के शव निस्तारण हेतु निविदा।
3. विश्वविद्यालय के टीवीसीसी एवं डेयरी फार्म में मृत पशुओं के शव निस्तारण हेतु अधिकतम बोली रू0 ....एक वर्ष के लिये।

हस्ताक्षर...
नाम...
पता...
....
मो0 नं0...
ई–मेल...